संख्या-142/2016/275/22-2-2016-17(73)/2016

प्रेषक,

सत्येन्द्र कुमार सिंह,
विशेष सचिव
उत्तर प्रदेश, शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 ***लखनऊ : दिनांक 06 सितम्बर, 2016***

विषय:- केन्द्रीय कारागार, फतेहगढ़ में निरूद्व बन्दी शिववीर सिंह पुत्र श्री इकबाल सिंह, निवासी जनपद-कानपुर नगर की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-49391/पर-3(एम-06-08-2014) दिनांक-11-12-2015 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- आपके उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार केन्द्रीय कारागार, फतेहगढ़ में निरूद्व बन्दी शिववीर सिंह पुत्र श्री इकबाल सिंह निवासी-करौली, थाना-बिधनू, जनपद-कानपुर नगर का रहने वाला है। बन्दी द्वारा नहर से खेतों की सिंचाई को लेकर चल रहे विवाद एवं मुकदमेंबाजी के कारण बन्दी ने 03 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर दिनांक 14.10.1979 को दोपहर 12:00 बजे लाठी, तबल एवं भाला से मारकर 02 व्यक्तियों की हत्या कर अपराध कारित किया गया है। उक्त अपराध के लिये बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-10एम/1980 में भा0द0वि0 की धारा-324/34, 323/34, 302/34 के अन्तर्गत मा0 षष्टम् अपर सत्र न्यायाधीश, कानपुर द्वारा दिनांक 25.09.1980 को आजीवन कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया है। बन्दी के 03 सहअभियुक्त कारागार मे निरूद्ध हैं। बन्दी द्वारा दिनांक 01.10.2015 तक 16 वर्ष 04 माह 07 दिन की अपरिहार एवं 21 वर्ष 05 माह 27 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बन्दी द्वारा भविष्य में पुन: अपराध करने, बन्दी पुन: अपराध करने में अशक्त न होने, दोनों पक्षों में तनाव होने की आख्या अंकित करते हुए बन्दी की समयपूर्व मुक्ति की संस्तुति नहीं की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा बन्दी की समयपूर्व मुक्ति की संस्तुति नहीं की गयी है। जिला मजिस्ट्रेट ने अभिभावक को उपयुक्त बताते हुए बन्दी की समयपूर्व मुक्ति की संस्तुति नहीं की है। प्रोबेशन बोर्ड ने बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गंभीरता एवं जघन्यता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा किये गये विरोध के दृष्टिगत यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्वदोष बन्दी शिववीर सिंह पुत्र श्री इकबाल सिंह, निवासी जनपद-कानपुर नगर को प्रोबेशन पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

3- उपरोक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि बन्दी शिववीर सिंह (बन्दी संख्या-12281) पुत्र श्री इकबाल सिंह, निवासी जनपद-कानपुर नगर के फार्म-ए पर यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के प्राविधानों के अन्तर्गत सम्यक विचारोपरान्त उसे मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी की लाइसेन्स पर मुक्ति शासन द्वारा अस्वीकार कर दी गयी है। तदनुसार उसके फार्म-ए पर शासन के आदेश अंकित करके एतद्द्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोपरि।

(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,

(सत्येन्द्र कुमार सिंह)
विशेष सचिव।

संख्या-142/2016/275(1)/22-2-2016 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, कानपुर नगर।

2- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, फतेहगढ़।

3- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(सत्येन्द्र कुमार सिंह)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश सख्या-142/2016/275@22-2-2016-17(73)/2016

दिनांक 06 सितम्बर, 2016 का संलग्नक

<u>सरकार के आदेश</u>

केन्द्रीय कारागार, फतेहगढ़ में निरूद्व बन्दी शिववीर सिंह पुत्र श्री इकबाल सिंह निवासी-करौली, थाना-बिधनू, जनपद-कानपुर नगर का रहने वाला है। बन्दी द्वारा नहर से खेतों की सिंचाई को लेकर चल रहे विवाद एवं मुकदमेंबाजी के कारण बन्दी ने 03 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर दिनांक 14.10.1979 को दोपहर 12:00 बजे लाठी, तबल एवं भाला से मारकर 02 व्यक्तियों की हत्या कर अपराध कारित किया गया है। उक्त अपराध के लिये बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-10एम/1980 में भा0द0वि0 की धारा-324/34, 323/34, 302/34 के अन्तर्गत मा0 षष्टम् अपर सत्र न्यायाधीश, कानपुर द्वारा दिनांक 25.09.1980 को आजीवन कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया है। बन्दी के 03 सहअभियुक्त कारागार मे निरूद्ध हैं। बन्दी द्वारा दिनांक 01.10.2015 तक 16 वर्ष 04 माह 07 दिन की अपरिहार एवं 21 वर्ष 05 माह 27 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बन्दी द्वारा भविष्य में पुन: अपराध करने, बन्दी पुन: अपराध करने में अशक्त न होने, दोनों पक्षों में तनाव होने की आख्या अंकित करते हुए बन्दी की समयपूर्व मुक्ति की संस्तुति नहीं की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा बन्दी की समयपूर्व मुक्ति की संस्तुति नहीं की गयी है। जिला मजिस्ट्रेट ने अभिभावक को उपयुक्त बताते हुए बन्दी की समयपूर्व मुक्ति की संस्तुति नहीं की है। प्रोबेशन बोर्ड ने बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गंभीरता एवं जघन्यता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा किये गये विरोध के दृष्टिगत यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्वदोष बन्दी शिववीर सिंह पुत्र श्री इकबाल सिंह, निवासी जनपद-कानपुर नगर को प्रोबेशन पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है। उक्त के दृष्टिगत सम्यक विचारोपरान्त शासन द्वारा बन्दी की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई अस्वीकार किये जाने का निर्णय लिया गया है।

(सत्येन्द्र कुमार सिंह)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।